पंजाब केसरी 19/08/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में रैगिंग के खिलाफ हुआ ऑनलाइन नारा लेखन एवं हस्ताक्षर अभियान

अम्बाला, 18 अगस्त (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने यू.जी.सी. के दिशा-निर्देशों के तहत एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत ऑनलाइन नारा लेखन प्रतियोगिता और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में एंटी रैगिंग सैल, एंटी ड्रग सैल और नो टोबैको सैल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को रैगिंग के खिलाफ सक्रिय रूप से प्रेरित किया गया। छात्रों ने एंटी रैगिंग, एंटी ड्रग जागरुकता और तंबाकू रोकथाम पर रचनात्मक नारे प्रस्तुत किए। विजेताओं को संगीत विभाग की ओर से डा. मंजीत कौर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में रैगिंग के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।* (चंद्रमोहन)

हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत प्राचार्य डा. रोहित दत्त के हस्ताक्षर और प्रेरक भाषण से हुई। इस अवसर पर छात्रों ने रैगिंग, ड्रग्स और तंबाकू के सेवन के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अभियान में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिसने एक सुरक्षित और स्वस्थ परिसर वातावरण को बढ़ावा देने में छात्रों की सामूहिक भावना को उजागर किया।